सन्मार्ग

आरोप : शिक्षिका के पूर्व पति ने लगाया आरोप, 7 लाख रुपये देकर पायी नौकरी

न्यूरो विकासात्मक बाल रोग सम्मेलन हुआ आयोजित

सन्मार्ग संवाददाता

कोलकाता : बच्चे हमारा भविष्य हैं और उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर समान ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके लिए, एनडसीपी 2022 न्यूरो डेवलपमेंटल पीडियाट्रिक्स के आईएपी चैप्टर का 19वां वार्षिक सम्मेलन विश्व बांग्ला कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया। इसका विषय 'न्यूडरोवलपमेंटल पीडियाट्रिक्स एक विचार जिसका समय आ गया है' था। सम्मेलन का आयोजन पश्चिम बंगाल एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के सहयोग से किया गया। इसकी मेजबानी हावड़ा एकेडमी ऑफ पीडयाट्रिक्स द्वारा की गयी। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग की मंत्री **डॉ. शशी पांजा** ने सम्मेलन का उद्घाटन किया केयरिंग माइंड्स, आईकैनफ्लाई और कैफे आईकैनफ्लाई की संस्थापक-निदेशक एवं साइकोथेरेपिस्ट **मीनू बुधिया** विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थीं। डॉ. शशि पांजा ने कहा कि मैं उन्हें लंबे समय से जानती हूं। मैंने उनके काम को देखा है और मैंने आंशिक रूप से उनका संघर्ष, उनकी व्यक्तिगत लड़ाई भी देखी है। वह हमेशा विजयी रही हैं। वह नारी शक्ति हैं। मीनू बुधिया ने एक हार्दिक और प्रेरक कहानी साझा की अवसाद के साथ उनकी व्यक्तिगत लड़ाई और विशेष आवश्यकता वाली बच्ची की मां बनने की उनकी यात्रा। उन्होंने कहा "मैं इतने विशिष्ट लोगों को संबोधित करते हुए सम्मानित महसूस कर रही हूं। प्राची, मेरी छोटी बेटी, जो एक स्पेशल नीड वाली बच्ची है, जिसने मुझे न केवल बदलाव लाने बल्कि खुद को बदलने के लिए प्रेरित किया। देश भर से बाल विकास के क्षेत्र के दिग्गज विशेषज्ञ तथा बाल रोग स्पेशलिस्ट्स इस सम्मेलन में उपस्थित हुए। पूरी तरह से ऑफलाइन आयोजित होने के कारण, यह आयोजन, महामारी के कारण दो साल के लंबे अंतराल के बाद एक साथ मिलने, विचारों को साझा करने और साथी शिक्षाविदों के मेलजोल का प्रमुख अवसर भी बना।

कार्यक्रम में मंत्री डॉ. शशि पांजा, साइकोथेरेपिस्ट मीनू बुधिया, न्यूरोडेव्लप्मेंटल चेप्टर की चेयरपर्सन सबीना अहमद, हावड़ा नगर निगम के चेयरमैन डॉ. सुजय चक्रवर्ती व अन्य